# Daily Current Affairs

**Date : 08 July, 2025**

## अनुक्रमणिका


| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | स्टार रेटिंग ऑफ माइन्स पुरस्कार – 2025 |
| 2. | राष्ट्रीय ऊँट दौड़ चैम्पियनशिप 2025 |
| 3. | आर्द्रभूमि प्रबंधन पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला – उदयपुर |
| 4. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स (राजस्थान)<br>1. जापान में कबीर वाणी यात्रा का आयोजन<br>2. मल्हार महोत्सव – जयपुर<br>3. मुकंदरा में वन महोत्सव<br>4. राष्ट्रीय जूनियर वुशू प्रतियोगिता - राजस्थान ने 20 पदक जीते |
| 5. | भारत का पहला क्वांटम वैली टेक पार्क |
| 6. | पूर्वोत्तर क्षेत्र जिला सतत् विकास लक्ष्य सूचकांक 2023-24 |
| 7. | प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अर्जेंटीना यात्रा |
| 8. | पॉवर्टी एंड इक्विटी ब्रीफ स्प्रिंग 2025 – रिपोर्ट |
| 9. | विषैले $SO_2$ का पता लगाने वाला पॉकेट सेंसर |
| 10. | विश्व में सूखे के हॉटस्पॉट 2023-2025 रिपोर्ट |
| 11. | विश्व मुक्केबाजी कप– 2025 (कजाकिस्तान) |
| 12. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. संजोग गुप्ता |




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## राजस्थान परिदृश्य

## स्टार रेटिंग ऑफ माइन्स पुरस्कार – 2025

### ➲ चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा उत्कृष्ट खदानों को स्टार रेटिंग पुरस्कार प्रदान किए गए।



### ➲ मुख्य बिंदु :

- **आयोजन :** जयपुर स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर।
- **आयोजक :** भारतीय खान ब्यूरो (खान मंत्रालय)
- **सेवन-स्टार श्रेणी पुरस्कार विजेता :** कम्मथरू (संदूर), नोआमंडी (टाटा स्टील) और नोआकराई (अल्ट्रा टेक) आदि।
- फाइव-स्टार श्रेणी में कुल 95 खदानों को यह सम्मान मिला, जिनमें 17 खदानों को पहली बार और 15 को लगातार पाँच वर्षों से यह सम्मान प्राप्त हो रहा है।
- यह पहल खनन क्षेत्र में सतत् विकास, पारदर्शिता और उत्कृष्टता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## ❖ फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:

### राजस्थान में खनन क्षेत्र:

- ♦ राजस्थान खनिज संसाधनों के सन्दर्भ में भारत के सबसे समृद्ध राज्यों में से एक है, यहाँ 81 प्रकार के खनिजों के भंडार हैं, जिनमें से 58 धात्विक और अधात्विक खनिजों का खनन किया जाता है।
- ♦ राजस्थान सीसा एवं जस्ता अयस्क, सेलेनाइट और वोलास्टोनाइट का एकमात्र उत्पादक राज्य है वहीं चांदी, कैल्साइट एवं जिप्सम के उत्पादन में देश में अग्रणी है।
- ♦ राजस्थान बॉल क्ले, फॉस्फोराइट, गेरू, स्टीटाइट, फेल्सपार और फायर क्ले के राष्ट्रीय उत्पादन में शीर्ष पर है।
- ♦ राजस्थान संगमरमर, बलुआ पत्थर और ग्रेनाइट जैसे आयामी पत्थरों के साथ-साथ सीमेंट-ग्रेड और स्टील-ग्रेड चूना पत्थर का एक प्रमुख उत्पादक राज्य है।
- ♦ यहाँ उत्पादित खनिज देश के कुल खनिज उत्पादन मूल्य का 12 प्रतिशत है।

CIVIL SERVICES


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय ऊँट दौड़ चैम्पियनशिप 2025

## ➲ चर्चा में क्यों?

- 6 जुलाई, 2025 को पुष्कर में 'राष्ट्रीय ऊँट दौड़ चैम्पियनशिप 2025' के प्रथम संस्करण का आयोजन किया गया।



## ➲ मुख्य बिंदु :

- **आयोजक :** कैमलिड्स स्पोर्ट्स इंडिया फेडरेशन एवं राजस्थान ऊँट दौड़ संघ के संयुक्त तत्वावधान में।
- **उद्देश्य :** राजस्थान की समृद्ध लोक परंपराओं और ग्रामीण खेल विरासत को राष्ट्रीय पहचान दिलाना।
- **प्रतिभागी :** देशभर के 8 राज्यों से 50 महिला एवं पुरुष प्रतिभागियों ने भाग लिया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## ❖ फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:

### अंतरराष्ट्रीय ऊँट महोत्सव:

- बीकानेर में प्रति वर्ष अंतरराष्ट्रीय ऊँट महोत्सव का आयोजन किया जाता है।
- ऊँट हमेशा से बीकानेर की संस्कृति और इतिहास का अभिन्न अंग रहे हैं। बीकानेर सेना के पास 'गंगा रिसाला' नामक एक कैमल कॉर थी, जिसने दोनों विश्व युद्धों के साथ-साथ सोमालीलैंड, मिस्र और चीन के संघर्षों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

### अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:


- ऊँट आबादी के संरक्षण, संवर्द्धन और अवैध शिकार की रोकथाम के उद्देश्य से राजस्थान सरकार द्वारा वर्ष 2014 में ऊँट को आधिकारिक रूप से राज्य पशु घोषित किया गया।
- राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2015 में राजस्थान उष्ट्र (वध का निषेध और अस्थायी प्रवासन का विनियमन) विधेयक पारित किया गया।
- 2 अक्टूबर, 2016 को राजस्थान सरकार ने उष्ट्र विकास योजना की घोषणा की।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# आर्द्रभूमि प्रबंधन पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला – उदयपुर

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, उदयपुर में आर्द्रभूमि प्रबंधन पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।



## मुख्य बिंदु :

- **आयोजक :** राजस्थान स्टेट वेटलैंड अथॉरिटी और केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा।
- 13 मार्च, 2024 को राजस्थान सरकार द्वारा 'राजस्थान आर्द्रभूमि प्राधिकरण' का गठन किया गया।
- यह आर्द्रभूमि (संरक्षण एवं प्रबंधन) नियम, 2010 के तहत एक वैधानिक प्राधिकरण है, जिसका उद्देश्य राज्य में आर्द्रभूमि के संरक्षण और प्रबंधन से संबंधित नीतियों को लागू करना है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## रामसर सूची में शामिल राजस्थान की आर्द्रभूमियाँ:

| क्र. सं. | आर्द्रभूमि स्थल | शामिल किये जाने का वर्ष |
|---|---|---|
| 1. | केवलादेव घना राष्ट्रीय उद्यान (भरतपुर) | 1981 |
| 2. | सांभर झील (जयपुर) | 1990 |
| 3. | खीचन (फलोदी) | 2025 |
| 4. | मेनार (उदयपुर) | 2025 |

- **नोट :** इंदौर (मध्य प्रदेश) और उदयपुर (राजस्थान) रामसर कन्वेंशन के वेटलैंड सिटी प्रत्यायन कार्यक्रम के तहत वेटलैंड शहरों के रूप में मान्यता प्राप्त करने वाले पहले दो भारतीय शहर हैं। यह मान्यता उनके शहरी क्षेत्रों के भीतर प्राकृतिक और मानव निर्मित आर्द्रभूमि दोनों के संरक्षण के लिए उनकी प्रतिबद्धता के कारण प्रदान की गई है।

## आर्द्रभूमि पर रामसर कन्वेंशन:

- 2 फरवरी, 1971 को अपनाई गई एक अंतर-सरकारी संधि है, जो 21 दिसम्बर, 1975 को लागू हुई।
- यह संधि सतत् विकास के लिए आर्द्रभूमि और उसके संसाधनों के संरक्षण और उपयोग के लिए एक रूपरेखा प्रदान करती है। यह एकमात्र संधि है जो एकल पारिस्थितिकी तंत्र पर केंद्रित है।
- भारत 1 फरवरी, 1982 को रामसर कन्वेंशन का सदस्य बना।
- वर्ष 1982 से 2013 तक रामसर स्थलों की सूची में भारत की तरफ से 26 साइटों को जोड़ा गया लेकिन वर्तमान में भारत में रामसर साइट्स की कुल संख्या 91 है।
- प्रति वर्ष 2 फरवरी को विश्व आर्द्रभूमि दिवस मनाया जाता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स (राजस्थान)

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **जापान में कबीर वाणी यात्रा का आयोजन**<br><br>♦ **बीकानेर की मलंग संस्था द्वारा 5 जुलाई, 2025 को जापान के ओसाका में कबीर वाणी यात्रा की शुरुआत की गई।**<br>♦ **आयोजक : ओसाका यूनिवर्सिटी और इंडियन ओशन स्टडीज प्रोग्राम, जापान।**<br>♦ **जापान में पहली बार संत कबीर की वाणी और दर्शन पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुति का आयोजन किया गया।** |
| 2. | **मल्हार महोत्सव – जयपुर**<br> |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- जयपुर स्थित जवाहर कला केंद्र द्वारा 2 से 4 जुलाई, 2025 तक मल्हार महोत्सव का आयोजन किया गया।
- मल्हार महोत्सव एक संगीत समारोह है जो शास्त्रीय भारतीय संगीत के माध्यम से मानसून के मौसम के आगमन का जश्न मनाने के लिए समर्पित है। यह महोत्सव जयपुर में जवाहर कला केंद्र (JKK) में प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है।

**3.**

## मुकंदरा में वन महोत्सव



- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक पेड़ माँ के नाम अभियान' के तहत हाल ही में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने कोटा के मुकंदरा हिल्स अभयारण्य में वन महोत्सव का शुभारंभ किया।

**4.**

## राष्ट्रीय जूनियर वुशू प्रतियोगिता - राजस्थान ने 20 पदक जीते



- हैदराबाद के गाचीबौली स्टेडियम में आयोजित 24वीं जूनियर राष्ट्रीय वुशू प्रतियोगिता में राजस्थान वुशू टीम ने 7 स्वर्ण, 9 रजत और 4 कांस्य सहित कुल 20 पदक जीते।
- इस प्रतियोगिता में राजस्थान टीम ने ओवरऑल तीसरा स्थान प्राप्त किया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## भारत का पहला क्वांटम वैली टेक पार्क

➲ **चर्चा में क्यों?**

- **हाल ही में, आंध्र प्रदेश सरकार ने अमरावती में 'भारत का पहला क्वांटम वैली टेक पार्क' स्थापित करने की घोषणा की।**





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

➲ **मुख्य बिंदु :**

- **यह घोषणा विजयवाड़ा में क्वांटम वैली कार्यशाला के दौरान हुई चर्चाओं के आधार पर की गई।**
- **यह पहल राष्ट्रीय क्वांटम मिशन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।**
- **आंध्र प्रदेश सरकार ने IBM (इंटरनेशनल बिजनेस मशीन) और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (TCS) के सहयोग से पार्क स्थापित करने की घोषणा की है।**
- **यह कदम क्वांटम अनुसंधान, नवाचार, रोजगार सृजन और विदेशी निवेश को बढ़ावा देने की दिशा में एक रणनीतिक पहल है।**

**मुख्य उद्देश्य:**


- **भारत में आत्मनिर्भर क्वांटम इकोसिस्टम की स्थापना।**
- **क्रिप्टोग्राफी, सामग्री विज्ञान और जीवन विज्ञान जैसे क्षेत्रों में क्वांटम अनुसंधान को प्रोत्साहन।**
- **ऊर्जा, आपूर्ति श्रृंखला, सार्वजनिक सेवाएँ और शासन में क्वांटम कंप्यूटिंग के व्यावहारिक अनुप्रयोग को बढ़ावा।**
- **मानव संसाधन का विकास, वैश्विक निवेश आकर्षण और उच्च तकनीकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करना।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पूर्वोत्तर क्षेत्र जिला सतत् विकास लक्ष्य सूचकांक 2023-24

## ➲ चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, नीति आयोग द्वारा पूर्वोत्तर क्षेत्र (NER) जिला सतत् विकास लक्ष्य (SDG) सूचकांक रिपोर्ट (2023-24) का दूसरा संस्करण जारी किया गया।




## ➲ मुख्य बिंदु :

- इस सूचकांक को नीति आयोग और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय (MODONER) द्वारा UNDP के तकनीकी सहयोग से विकसित किया गया है।
- यह सूचकांक सामाजिक, आर्थिक एवं पर्यावरणीय आयामों में विकास की चुनौतियों से निपटने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है और साथ ही यह भी सुनिश्चित करता है कि विकास के क्रम में पूर्वोत्तर क्षेत्र में कोई भी पीछे न छूटे।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- नीति आयोग की SDG इंडिया इंडेक्स पद्धति पर आधारित, यह सूचकांक पूर्वोत्तर क्षेत्र में जिला स्तर पर विकास संबंधी प्रगति की निगरानी के एक महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में कार्य करता है, ताकि निर्णय लेने में सहायता मिल सके।
- पूर्वोत्तर क्षेत्र के सभी 121 जिलों को चार श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है-
  - **अचीवर:** स्कोर – 100
  - **फ्रंट रनर:** स्कोर – 65 और 99
  - **परफॉर्मर:** स्कोर – 50 और 65
  - **आकांक्षी:** स्कोर – 50 से कम।
- मिजोरम, सिक्किम और त्रिपुरा के सभी जिलों ने फ्रंट रनर का दर्जा हासिल किया है परंतु कोई भी जिला आकांक्षी या अचीवर श्रेणी में शामिल नहीं है।
  - सबसे अधिक स्कोर वाला जिला मिजोरम का हनाहथियाल जिला (स्कोर – 81.43) हैं।
  - पूरे क्षेत्र में सबसे कम स्कोर वाला जिला अरुणाचल प्रदेश का लोंगडिंग (स्कोर – 58.71) है।

**राज्यों के भीतर जिलों के राज्यवार उच्चतम और निम्नतम स्कोर:**

- **अरुणाचल प्रदेश:** निचली दिबांग घाटी (73.36) से लेकर लोंगडिंग (58.71)
- **असम:** डिब्रूगढ़ (74.29), दक्षिण सलमारा-मनकाचर (59.71)
- **मणिपुर:** इम्फाल पश्चिम (73.21), फिरज़ॉल (59.71)
- **मेघालय:** पूर्वी खासी हिल्स (73.00), पूर्वी जैंतिया हिल्स (63.00)
- **मिजोरम:** हनाहथियाल (81.43), लॉन्गत्लाई (67.71)


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **नागालैंड: मोकोकचुंग (78.43), ज़ुन्हेबोटो (63.36)**
- **सिक्किम: गंगटोक (76.64), ग्यालशिंग (71.14)**
- **त्रिपुरा: गोमती (78.79), धलाई (72.29)**

**पूर्वोत्तर क्षेत्र के समग्र प्रदर्शन सूचकांक में शीर्ष 10 जिले:**

| रैंक | जिला | राज्य | स्कोर |
|---|---|---|---|
| 1st | हनहतिआल (Hnahthial) | मिज़ोरम | 81.43 |
| 2nd | चम्फाई (Champhai) | मिज़ोरम | 79.86 |
| 3rd | गोमती (Gomati) | त्रिपुरा | 78.79 |
| 4th | मोकोकचुंग (Mokokchung) | नागालैंड | 78.43 |
| 5th | वेस्ट त्रिपुरा | त्रिपुरा | 77.64 |
| 6th | कोहिमा (Kohima) | नागालैंड | 76.93 |
| 7th | साउथ त्रिपुरा | त्रिपुरा | 76.71 |
| 8th | गंगटोक (Gangtok) | सिक्किम | 76.64 |
| 9th | कोलासिब (Kolasib) | मिज़ोरम | 76.50 |
| 10th | दीमापुर (Dimapur) | नागालैंड | 76.29 |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अर्जेंटीना यात्रा

➲ **चर्चा में क्यों?**

- **हाल ही में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 5 देशों की यात्रा के दौरान अर्जेंटीना की राजधानी ब्यूनस आयर्स पहुँचे।**





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

➲ **मुख्य बिंदु :**

- **प्रधानमंत्री की अर्जेंटीना यात्रा विगत 57 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली द्विपक्षीय यात्रा है। इससे पूर्व, प्रधानमंत्री के रूप में इंदिरा गांधी ने वर्ष 1968 में दक्षिण अमेरिकी देशों की अपनी यात्रा के तहत अर्जेंटीना का दौरा किया था।**
- **प्रधानमंत्री ने अर्जेंटीना के स्वतंत्रता सेनानी जनरल जोस डी सैन मार्टिन और गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर के स्मारक का दौरा किया।**

**मुख्य समझौते:**

- **व्यापार और वाणिज्य, प्रौद्योगिकी, रक्षा, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य और फार्मास्यूटिकल्स सहित प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा।**
- **प्रधानमंत्री ने भारत-मर्कोसुर (MERCOSUR) अधिमान्य व्यापार समझौते का विस्तार करने में अर्जेंटीना के समर्थन का अनुरोध किया।**
- **भारत-मर्कोसुर अधिमान्य व्यापार समझौते (PTA) का उद्देश्य टैरिफ रियायतें देकर भारत और दक्षिण अमेरिकी व्यापार ब्लॉक के बीच व्यापार को बढ़ावा देना है। जून, 2009 में लागू हुए इस समझौते में भारत और मर्कोसुर के सदस्य देश: अर्जेंटीना, ब्राजील, पराग्वे और उरुग्वे शामिल हैं।**
- **शेल गैस, तेल और अन्य पारंपरिक ऊर्जा संसाधनों के बड़े भंडारों के साथ अर्जेंटीना, भारत के लिए एक अहम ऊर्जा साझेदार बन सकता है। साथ ही, लिथियम, तांबा और रेयर अर्थ एलीमेंट्स जैसे महत्वपूर्ण खनिजों के अर्जेंटीना में उपलब्ध समृद्ध भंडार भारत के स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण और औद्योगिक विकास को सशक्त कर सकते हैं।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## पॉवर्टी एंड इक्विटी ब्रीफ स्प्रिंग 2025 – रिपोर्ट

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, विश्व बैंक ने 'पॉवर्टी एंड इक्विटी ब्रीफ स्प्रिंग 2025' रिपोर्ट जारी की।




### मुख्य बिंदु :

- रिपोर्ट के अनुसार, गिनी इंडेक्स स्कोर के आधार पर भारत उन चार शीर्ष देशों में शामिल है जिन्होंने सामाजिक समानता बढ़ाने में उल्लेखनीय प्रगति की है।
- भारत से आगे केवल स्लोवाक गणराज्य, स्लोवेनिया और बेलारूस हैं।

**समानता के मामले में भारत की वैश्विक स्थिति:**

- **गिनी स्कोर में सुधार:** वर्ष 2011-12 में 28.8 से घटकर 2022-23 में 25.5 हो गया।
- भारत अब ‘मध्यम रूप से कम असमानता’ (गिनी स्कोर 25-30) श्रेणी में है और ‘कम असमानता’ की सीमा के करीब है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- भारत ने चीन (35.7) और अमेरिका (41.8) जैसे G-7 व G-20 देशों से बेहतर प्रदर्शन किया है।
- **गरीबी में गिरावट:** $2.15/दिन से कम कमाने वालों की संख्या 2011-12 में 16.2 प्रतिशत से घटकर वर्ष 2022-23 में 2.3 प्रतिशत रह गई; 17.1 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठे।
- विश्व बैंक के नए मापदंड ($3/दिन) के अनुसार, वर्ष 2022-23 में अत्यधिक गरीबी दर 5.3 प्रतिशत है।

**गिनी इंडेक्स:**

- गिनी इंडेक्स एक आर्थिक सूचकांक है जो किसी देश में आय या संपत्ति के वितरण में असमानता को मापता है।
- इसका मान 0 से 1 (या प्रतिशत में 0 से 100) के बीच होता है।
- 0 = पूर्ण समानता (सबकी आय बराबर)
- 1 = पूर्ण असमानता (सारी आय एक के पास)
- यह इंडेक्स आमतौर पर लॉरेंज वक्र के आधार पर तैयार किया जाता है।
- गिनी इंडेक्स जितना कम, समाज उतना ही समान।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

### विषैले $SO_2$ का पता लगाने वाला पॉकेट सेंसर

➲ **चर्चा में क्यों?**

- हाल ही में, बेंगलूरू स्थित सेंटर फॉर नैनो एंड सॉफ्ट मैटर साइंसेज़ (CeNS) के वैज्ञानिकों ने विषैले $SO_2$ का पता लगाने वाले पॉकेट सेंसर को विकसित किया है।




➲ **मुख्य बिंदु :**

- यह सेंसर 'निकेल ऑक्साइड (NiO)' और 'नियोडिमियम निकेल ($NdNiO_3$)' के संयोजन से विकसित किया गया है।
- यह सल्फर डाइऑक्साइड ($SO_2$) की मात्र 320 पार्ट्स प्रति बिलियन (ppb) जैसी अत्यंत कम मात्रा का भी सटीक पता लगा सकता है।
- सेंसर में उपयोगकर्ता-अनुकूल थ्रेशोल्ड अलर्ट सिस्टम (हरा: सुरक्षित, पीला: चेतावनी) है, जो वास्तविक समय में निगरानी करता है।
- इसकी संवेदनशीलता और सुविधा इसे औद्योगिक व शहरी क्षेत्रों में सार्वजनिक स्वास्थ्य निगरानी के लिए उपयुक्त बनाती है।

**सल्फर डाइऑक्साइड ($SO_2$):**

- यह एक रंगहीन, पानी में घुलनशील और विषैली गैस है, जो मुख्य रूप से वाहनों और औद्योगिक गतिविधियों से निकलती है।
- इसका मामूली संपर्क भी श्वसन संबंधी समस्याएँ जैसे अस्थमा के दौरे और फेफड़ों को दीर्घकालिक क्षति पहुँचा सकता है।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

## विश्व में सूखे के हॉटस्पॉट 2023-2025 रिपोर्ट

### चर्चा में क्यों?

- **हाल ही में, यूनाइटेड नेशन्स कन्वेंशन टू कॉम्बैट डेज़र्टिफिकेशन (UNCCD) और अमेरिकन नेशनल ड्रॉट मिटिगेशन के सहयोग से 'विश्व में सूखे के हॉटस्पॉट 2023-2025' रिपोर्ट जारी की गई।**





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

➲ **मुख्य बिंदु :**

- **वैश्विक सूखा संकट:** अफ्रीका, एशिया, लैटिन अमेरिका और भूमध्यसागर क्षेत्र में सूखा गंभीर रूप ले चुका है, इसे 'धीमी गति से बढ़ने वाली आपदा' कहा गया है।
- **अफ्रीका में भूख आपातकाल:** पूर्वी और दक्षिणी अफ्रीका में 90 मिलियन से अधिक लोग भुखमरी का शिकार; जिम्बाब्वे में मक्का की 70 प्रतिशत से अधिक फसल नष्ट।
- **ज़ाम्बिया में ऊर्जा आपूर्ति बाधित:** ज़ाम्बिया में ज़ाम्बेजी नदी का जल प्रवाह 80 प्रतिशत तक घटा; 21 घंटे की रोज़ाना बिजली कटौती से सेवाएं प्रभावित।
- **स्पेन में जैतून तेल संकट:** दो साल के सूखे से उत्पादन 50 प्रतिशत घटा; यूरोप में तेल की कीमतों में तेज़ बढ़ोतरी।
- **पनामा नहर में रुकावट:** जल संकट के कारण जहाजों की संख्या 38 से घटकर 24 रह गई; वैश्विक व्यापार और खाद्य आपूर्ति पर असर।
- **अमेज़न में पारिस्थितिकी संकट:** रिकॉर्ड निम्न जल स्तर से समुदाय अलग-थलग पड़े; नदी डॉल्फिन की मौत और पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान।
- **सामाजिक प्रभाव:** सूखा-जनित गरीबी से इथियोपिया में बाल विवाह की दर दोगुनी; जिम्बाब्वे में स्कूल छोड़ने वाले बच्चों की संख्या में वृद्धि।
- **वन्यजीवों की क्षति:** जिम्बाब्वे में 100+ हाथियों की मौत; अमेज़न में पानी की कमी और गर्मी से 200+ नदी डॉल्फ़िन मरी।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## सूखा हॉटस्पॉट:

- ऐसे क्षेत्र जो बार-बार या अत्यधिक मात्रा में सूखे की घटनाओं से प्रभावित होते हैं। इन क्षेत्रों में वर्षा की कमी, जल स्रोतों का अभाव और उच्च तापमान जैसी स्थितियाँ आम होती हैं, जिससे कृषि, जल आपूर्ति और आजीविका पर गंभीर प्रभाव पड़ता है।

## विश्व के प्रमुख सूखा हॉटस्पॉट:

| क्षेत्र/देश | विवरण |
|---|---|
| साहेल क्षेत्र (अफ्रीका) | यह क्षेत्र सहारा रेगिस्तान के ठीक दक्षिण में है और इसमें माली, नाइजर, बुर्किना फासो, चाड आदि देश आते हैं। यहाँ लगातार सूखे और मरुस्थलीकरण की समस्या है। |
| हॉर्न ऑफ अफ्रीका | सोमालिया, इथियोपिया और केन्या का हिस्सा। लगातार फसल विफलता और जल संकट का सामना करता है। |
| दक्षिणी अफ्रीका (दक्षिण अफ़्रीका, ज़िम्बाब्वे, मोज़ाम्बिक) | अल-नीनो प्रभाव के कारण यहाँ वर्षा में अत्यधिक कमी होती है। |
| ऑस्ट्रेलिया (विशेषकर मुरे-डार्लिंग बेसिन) | लंबे समय तक चलने वाले सूखे और जल संकट से प्रभावित, खासकर खेती के लिए। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| कैलिफोर्निया (संयुक्त राज्य अमेरिका) | यहाँ पर आवधिक सूखे होते हैं, जो जल आपूर्ति, कृषि और जंगलों में आग को प्रभावित करते हैं। |
| ब्राज़ील (पूर्वोत्तर क्षेत्र) | यह क्षेत्र ऐतिहासिक रूप से सूखे से प्रभावित है और यहाँ की जलवायु अत्यंत शुष्क है। |
| मध्य एशिया (उज़्बेकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान) | अरल सागर के सूखने और सिंचाई के दुरुपयोग के कारण जल संकट और सूखा आम है। |
| भारत (बुंदेलखंड, विदर्भ, राजस्थान) | मानसून पर अत्यधिक निर्भरता और जलवायु परिवर्तन के कारण बार-बार सूखा पड़ता है। |
| ईरान और इराक | जल स्रोतों की कमी और अधिक दोहन के कारण लगातार सूखे का सामना करना पड़ता है। |
| चिली (Central Chile) | यहाँ "Mega Drought" दशकों से चल रहा है, जिससे कृषि और जल आपूर्ति प्रभावित है। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# खेल परिदृश्य

## विश्व मुक्केबाजी कप– 2025 (कजाकिस्तान)

➲ **चर्चा में क्यों?**

- **कजाकिस्तान के अस्ताना में आयोजित वर्ल्ड बॉक्सिंग कप 2025 में भारतीय मुक्केबाज़ी दल ने कुल 11 पदकों के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर प्रतियोगिता का समापन किया। प्रतियोगिता का आयोजन 30 जून से 7 जुलाई, 2025 तक किया गया।**






उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

➲ **मुख्य बिंदु :**

- **वर्ल्ड बॉक्सिंग कप 2025 में भारतीय दल ने 3 स्वर्ण, 5 रजत और 3 कांस्य पदक जीते। (पिछले संस्करण (ब्राज़ील) में भारतीय दल ने कुल 6 पदक – 1 स्वर्ण, 1 रजत और 4 कांस्य जीते थे)**
- **भारत ने प्रतियोगिता में कुल 20 सदस्यीय दल भेजा था। जिसमें दो बार की वर्ल्ड यूथ चैंपियन साक्षी ने 54 किलोग्राम भारवर्ग के फाइनल में योसेलीन पेरेज़ को हराकर टूर्नामेंट का पहला स्वर्ण पदक जीता।**
- **प्रतियोगिता में भारत का प्रदर्शन**

| खिलाड़ी का नाम | भार वर्ग | पदक |
|---|---|---|
| नुपूर | महिला 80+ किग्रा | स्वर्ण |
| साक्षी | महिला 54 किग्रा | स्वर्ण |
| जैस्मिन लांबोरिया | महिला 57 किग्रा | स्वर्ण |
| पूजा रानी | महिला 80 किग्रा | रजत |
| मीनाक्षी | महिला 48 किग्रा | रजत |
| अभिनाश जामवाल | पुरुष 65 किग्रा | रजत |
| जुगनू | पुरुष 85 किग्रा | रजत |
| हितेश गुलिया | पुरुष 70 किग्रा | रजत |
| संजू | महिला 60 किग्रा | कांस्य |
| नरेंद्र बरवाल | पुरुष 90+ किग्रा | कांस्य |
| निखिल दुबे | पुरुष 75 किग्रा | कांस्य |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिंदु :**

**वर्ल्ड बॉक्सिंग कप**

- **स्थापना – अप्रैल, 2023**
- **उद्देश्य : मुक्केबाज़ी ओलंपिक खेल बनी रहे।**
- **आयोजन : प्रत्येक कैलेंडर वर्ष में वर्ल्ड बॉक्सिंग कप का आयोजन होता है, जो दुनिया के सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला मुक्केबाज़ों के लिए एक रैंकिंग टूर्नामेंट होता है।**
- **वर्ष 2025 में आयोजन : पहला – ब्राज़ील और दूसरा – कजाकिस्तान में।**
- **नोट : दोनों प्रतियोगिताओं में प्रदर्शन के आधार पर मुक्केबाज़ों को रैंकिंग अंक मिलते हैं। शीर्ष मुक्केबाज़ नवंबर 2025 में नई दिल्ली में आयोजित होने वाले वर्ल्ड बॉक्सिंग कप फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करते हैं।**
- **सदस्य देश: 55 राष्ट्रीय मुक्केबाज़ी महासंघ।**
- **मुख्यालय: रेनेंस, स्विट्ज़रलैंड।**
- **अध्यक्ष: बोरिस वैन डर वॉर्स्ट।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **संजोग गुप्ता**<br><br>♦ हाल ही में, भारतीय मीडिया क्षेत्र से संजोग गुप्ता को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) का नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) नियुक्त किया गया है।<br>♦ संजोग गुप्ता ऑस्ट्रेलिया के ज्योफ एलार्डिस की जगह लेंगे जिन्होंने चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले निजी कारणों के कारण अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।<br>♦ गुप्ता इससे पहले जियोस्टार में स्पोर्ट्स एंड लाइव एक्सपीरियंसेज के CEO थे। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR